8 विभाज्यता

BPRRRB

थोड़ा याद करें

- 2, 5 तथा 10 से विभाज्यता की कसौटियाँ लिखो ।
- निम्नलिखित संख्याएँ पढ़ो । इनमें से जो संख्याएँ 2, 5 अथवा 10 से विभाज्य हैं, उन्हें खाली चौखटों में लिखो ।

  125, 364, 475, 750, 800, 628, 206, 508, 7009, 5345, 8710

2 से विभाज्य	5 से विभाज्य	10 से विभाज्य

आओ, समझें

विभाज्यता की कसौटियाँ

कुछ अन्य कसौटियों का अध्ययन करें ।

नीचे दी गई सारणी पूर्ण करो ।

संख्याएँ	संख्या के अंकों का योगफल कितना है ?	क्या योगफल में 3 से नि:शेष भाग जाता है ?	क्या दी गई संख्या 3 से विभाज्य है ?
63	6 + 3 = 9	✓	✓
872	17	×	×
91			
552			
9336			
4527			

इससे क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

यह मैंने समझा

3 से विभाज्यता कसौटी : यदि किसी संख्या के अंकों के योगफल में 3 से नि:शेष भाग जाता है, तो वह संख्या 3 से विभाज्य होती है ।

आओ, समझें

नीचे दी गई सारणी पूर्ण करो ।

संख्याएँ	दी गई संख्या में 4 से भाग देकर देखो । क्या नि:शेष भाग जाता है ?	दहाई और इकाई अंकों से बनने वाली संख्या	क्या प्राप्त संख्या 4 से विभाज्य है ?
992	✓	92	✓
7314			
6448			
8116			
7773			
3024			

इससे क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

यह मैंने समझा

4 से विभाज्यता कसौटी : **यदि किसी संख्या की दहाई और इकाई के स्थान वाले अंकों से बनने वाली संख्या में 4 से नि:शेष भाग जाता है, तो वह संख्या 4 से विभाज्य होती है ।**

आओ, समझें

नीचे दी गई सारणी पूर्ण करो ।

संख्याएँ	दी गई संख्या में 9 से भाग देकर देखो। क्या नि:शेष भाग जाता है?	संख्या के अंकों का योगफल	क्या योगफल 9 से विभाज्य है ?
1980	✓	1 + 9 + 8 + 0 =18	✓
2999	×	29	×
5004			
13389			
7578			
69993			

इससे क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

यह मैंने समझा

9 से विभाज्यता कसौटी : **यदि किसी संख्या के अंकों के योगफल में 9 से नि:शेष भाग जाता है, तो वह संख्या 9 से विभाज्य होती है ।**

प्रश्नसंग्रह 22

* एक बगीचे में फूलों के वृक्ष हैं । एक - एक वृक्ष पर अलग - अलग संख्या के फूल हैं । तीन विद्‌यार्थी डलिया लेकर फूल तोड़ने गए । प्रत्येक डलिए पर 3, 4 और 9 में से अलग-अलग एक संख्या है । प्रत्येक विद्‌यार्थी को उस वृक्ष से फूल तोड़ना है, जिसकी संख्या उसकी डलिया की संख्या से विभाज्य है । उसे इस तरह के प्रत्येक वृक्ष से केवल एक फूल तोड़ना है । प्रत्येक डलिए में कौन-कौन-सी संख्या के वृक्षों के फूल तोडे़ जाएँगे ?